संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि डॉ. रॉबर्ट कोच द्वारा वर्ष 1882 में की गई क्षय रोग (टीबी) जीवाणुओं की खोज की वर्षगांठ के अवसर पर 24 मार्च, 2020 को 'विश्व क्षय रोग दिवस' मनाया जा रहा है।

टीबी रोग के प्रसार और मृत्यु दर में शीघ्र कमी लाने के प्रयोजन से समुचित संसाधन जुटाकर भारत सरकार, वर्ष 2025 तक भारत में टीबी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। क्षय रोग उन्मूलन (2017-2025) हेतु राष्ट्रीय कार्यनीतिक योजना (एनएसपी) को लागू करने के लिए, मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करता हूं। उपचार की गुणवत्ता में सुधार लाने के अथक प्रयास करने और टीबी के रोगियों हेतु व्यापक सहायता प्रणाली तैयार करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय बधाई का पात्र है।

मैं, इस अवसर पर सभी हितधारकों से अपील करता हूं कि वे "टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान" के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट हो कर यह सुनिश्चित करें कि यह अभियान वास्तव में एक 'जन-आंदोलन' बन जाए।